उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, गुरुवार, 17 सितंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

गांव में सफाई व्यवस्था पर सवाल, कर्मचारी के ड्यूटी न करने के आरोप।



संवाददाता अश्वनी गौतम मथुरा। बड़ा आतंक गांव में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात सफाई कर्मचारी नियमित रूप से अपना कार्य नहीं कर रहा है, जिसके चलते गांव की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि दीपू नामक व्यक्ति अपनी मां पुष्पा देवी के नाम पर नौकरी का कार्य कर रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मामले की जांच कराने तथा यह स्पष्ट करने की मांग की है कि सरकारी अभिलेखों में नियुक्त कर्मचारी कौन है और मौके पर ड्यूटी कौन कर रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए। मामले में विभागीय जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

एक नज़र में

नफर फरार चल रहे वारंटी को मगोर्रा पुलिस ने किया गिरफ्तार।

बटवारा में सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, जांच की मांग उठी।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

Uncategorized

नफर फरार चल रहे वारंटी को मगोर्रा पुलिस ने किया गिरफ्तार।



संवाददाता खुशांत गुप्ता गोवर्धन। तहसील के मगोर्रा थाना क्षेत्र के गांव सोसा का रहने वाला एक अभियुक्त जिसका नाम केशव पुत्र भजन लाल उम्र लगभग 68 वर्ष को मगोर्रा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट अपर डिविजन आगरा कैनाल मथुरा द्वारा केस संख्या 81/2018 में धारा 70 के तहत जारी वारंट में फरार चल रहा था गिरफ्तार किए गए आयुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है यह संपूर्ण करवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार मथुरा के निर्देशन में एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत एवं क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार के संरक्षण में थाना अध्यक्ष मगोर्रा अजय कुमार सिंह द्वारा की गई जिसमें दुष्यंत कुमार कौशिक चौकी प्रभारी पाली डुंगरा थाना मगोर्रा एवं कांस्टेबल वैभव शर्मा और...

देश

बटवारा में सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, जांच की मांग उठी।



संवाददाता धर्मवीर सिंह बुलंदशहर। जिले के गांव बटवारा में नेशनल भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुंदर सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक के बाद उन्होंने गांव में लोगों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में सरकारी जमीन पर कथित रूप से अवैध कब्जा किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में हल्का लेखपाल रामकरण और एक व्यक्ति पर मिलीभगत के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सरकारी जमीन की जांच कराकर यदि कब्जा पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की।